News सिटी चीफ
वर्ष-15, अंक-247
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

समझनी है जिंदगी तो पीछे देखो, जीनी है जिंदगी तो आगे देखो!

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, गुरुवार, 12 दिसम्बर 2024

### बिहार के बेगूसराय जिले में 2 बुजुर्गों की मौत

## जहरीली शराब पीने की बात आ रही सामने



**बेगूसराय.** बिहार के बेगूसराय से शराबबंदी की पोल खोलने वाला मामला सामने आया है। यहां संदिग्ध जहरीली शराब पीने से 2 लोगों की मौत हो गई है। मामला चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के गांव मेहदा शाहपुर का है। मृतकों की उम्र 50 साल और 60 साल थी।

**क्या है पूरा मामला?**

बिहार के बेगूसराय के चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के गांव मेहदा शाहपुर में हरेराम तांती (50) और चुनचुन प्रसाद सिंह (60) की संदिग्ध जहरीली शराब पीने से मौत हो गई। हालांकि जिला पुलिस ने तत्काल इस बात की पुष्टि नहीं की है कि इनकी मौत जहरीली शराब पीने से हुई या किसी अन्य कारण से हुई है। फिलहाल कहा यही जा रही है कि मौत की वजह जहरीली शराब है।

जिला पुलिस ने कहा है कि तांती के परिजनों ने कहा कि सांस लेने में तकलीफ के चलते उसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां बुधवार को उसकी मौत हो गई। वहीं चुनचुन प्रसाद सिंह की मौत के संबंध में ये कहा गया कि मौत की वजह ठंड लगने की वजह से तबीयत का खराब होना है। इलाज के दौरान उनकी जान गई।

तांती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, वहीं सिंह के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया है। तांती को लेकर कहा गया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह सामने आ पाएगी।

दोनों शराब पीने के आदी थे

हालांकि ग्रामीणों के एक समूह ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि दोनों शराब पानी के आदी थे और घटना से एक दिन पहले उन्होंने शराब का सेवन किया था।

**बिहार में है शराबबंदी**

दरअसल बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने अप्रैल 2016 में राज्य में शराब की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगाया था। लेकिन फिर भी लोग हरकतों से बाज नहीं आते और नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं। लोग शराब का अवैध कारोबार कर रहे हैं और जनता को शराब मुहैया करवा रहे हैं। शराब की जमकर तस्करी के मामले यहां सामने आते रहते हैं।

### अतुल सुभाष और निकिता की हुई थी लव मैरिज

## निजी जिंदगी को लेकर सामने आई ये बड़ी जानकारी

**समस्तीपुर.** इंजीनियर अतुल सुभाष के सुसाइड ने देश को झकझोर कर रख दिया है। पेशे से एआई इंजीनियर अतुल सुभाष समस्तीपुर के वैनी थाना क्षेत्र के पूसा रोड के रहने वाले थे। अतुल सुभाष के चचेरा भाई बजरंगी अग्रवाल ने उनकी शादीशुदा जिंदगी की कई कई सारे बातें मीडिया को बताई है। उन्होंने बताया कि अतुल सुभाष की शादी उत्तर प्रदेश के जौनपुर की निकिता सिंघानिया से वर्ष 2019 में हुई थी। शादी के कुछ समय बाद निकिता अचानक बेंगलुरु छोड़कर जौनपुर लौट गई और पति समेत ससुरालवालों पर दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा का केस दर्ज करा दिया।



**अतुल के चचेरे भाई ने दी ये जानकारी**

अतुल के चचेरे भाई ने बताया कि निकिता सिंघानिया भी जॉब करती थी। उनका पत्नी से विवाद चल रहा था। कोर्ट में तलाक का केस चल रहा था। वह पत्नी से बहुत परेशान थे। बेंगलुरू से उनका महीने में कई बार जौनपुर आना होता था। क्योंकि जौनपुर के ही कोर्ट में मामला चल रहा था। वह पुलिस और न्यायिक व्यवस्था से काफी परेशान हो गए थे।

**अतुल सुभाष ने किया था लव मैरिज**

वहीं, अतुल सुभाष के गांव के रहने वाले मनोज राय ने बताया कि अतुल सुभाष ने निकिता से प्रेम विवाह किए थे। वे लोग बहुत अच्छे इंसान थे। उनकी पत्नी उनको फर्जी केस में फंसाई थी। वह न्यायिक प्रक्रिया से परेशान हो गए थे।

**अतुल सुभाष ने सुसाइड नोट में लगाए हैं ये आरोप**

बता दें कि अतुल ने अपनी मौत से पहले 24 पन्नों का सुसाइड नोट लिखा और डेढ़ घंटे का एक वीडियो बनाया, जिसमें उन्होंने अपनी पीड़ा को व्यक्त किया। उन्होंने अपने सुसाइड नोट और वीडियो में पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया, साला अनुराग सिंघानिया उर्फ पीयूष और चचेरे ससुर सुशील सिंघानिया को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया।

अतुल ने जौनपुर के एक कोर्ट के फैसले का भी जिक्र करते हुए असंतोष जताया है। उन्होंने कहा कि पत्नी ने दहेज उत्पीड़न, मारपीट, अप्राकृतिक दुष्कर्म सहित कुल नौ फर्जी मुकदमे दर्ज कराए। मुकदमें की वजह से उन्हें बेंगलुरु से जौनपुर आना पड़ता था। वीडियो में दावा किया कि कोर्ट में 120 तारीखें लग चुकी हैं। पेशी के लिए वह 40 बार खुद बेंगलुरु से जौनपुर आ चुके हैं। उनके माता पिता को भी चक्कर काटने पड़ रहे हैं। पीड़ित ने इसके लिए पत्नी, सास, साले और पत्नी के चाचा को जिम्मेदार ठहराया।

### माय नेम इज खान, आई एम नॉट टेरेरिस्ट

## महाबोधि मंदिर उड़ाने की धमकी देने वाले का ऑडियो वायरल

बिहार के महाबोधि मंदिर उड़ाने की धमकी मिलने के बाद मंदिर की सुरक्षा हाई अलर्ट पर है। वहीं धनबाद के कुख्यात अपराधी प्रिंस खान के द्वारा पत्र के माध्यम से उड़ाने की धमकी मिली थी। महाबोधि मंदिर बम से उड़ाने की धमकी के बाद बिहार पुलिस के साथ-साथ देश के विभिन्न सुरक्षा एजेंसी भी जांच पड़ताल में जुटी है। इसी क्रम में आरोपी प्रिंस खान का ऑडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह अपने आप को बेगुनाह बता रहा है।



**वायरल ऑडियो के माध्यम से बताया बेकसूर**

वहीं ऑडियो के माध्यम से आरोपी प्रिंस खान ने कहा कि न्यूज़ के माध्यम से पता चला है कि मेरे ऊपर आरोप लग रहा है मंदिर उड़ने का। यह पूरी तरह से गलत है। जिस तरह मेरे लिए मस्जिद है, उसी तरह मेरे लिए मंदिर भी है। इन सभी चीजों की जांच कीजिए, पता चल जाएगा। माय नेम इज खान, आई एम नॉट टेरेरिस्ट। यह सब हम लोग नहीं करते हैं हिंदू मुस्लिम। यह सब कारनामा विरोधी पार्टी की है, जो मेरा कुछ नहीं कर पा रहे हैं। हमारे घर वालों को परेशान करने के लिए यह करवाया गया है। सैफी तो मेरा बिजनेस संभालता है। वह अपराधी नहीं है झूठा आरोप लगता है। वह बिजनेस देखा है। हम देशद्रोही नहीं है, हम पाकिस्तान के नहीं हैं हम हिंदुस्तान के हैं। मेरा भारत महान है।

**हम देश के खिलाफ कोई काम नहीं कर रहे हैं**

प्रिंस खान ने कहा कि हमको सिर्फ कोयला टेंडर और लोहा से मतलब है। हम देश के खिलाफ कोई काम नहीं कर रहे हैं और ना कभी करेंगे। देश के खिलाफ कोई भी काम यह सिर्फ अफवाह फैलाया जा रहा है। घर वालों को परेशान करने के लिए। विरोधी मेरा कुछ नहीं कर पा रहा है, इसलिए घर वालों को परेशान कर रहा है। आप लोग जांच कीजिए उन लोगों का पता चल जाएगा। हम भी हिंदुस्तानी हैं, मेरा भारत महान है।

**चिट्ठी से मचा था हड़कंप**

एक पत्र के माध्यम से महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। धमकी वाले पत्र में आईएसआई का भी जिक्र किया गया है। उसके बाद से ही बिहार पुलिस के साथ-साथ देश के विभिन्न सुरक्षा एजेंसी अलर्ट पर है। धमकी भरा पत्र के बाद बोधगया का सुरक्षा और बढ़ा दिया गया है। वहीं सत्यता की जांच के लिए बिहार पुलिस के साथ-साथ सभी सुरक्षा एजेंसी आरोपी को धर दबोचने के लिए झारखंड राय के कई जिलों में छापेमारी कर रही है।

## दोस्त ने दोस्त को मार डाला, तीन युवकों के बीच हुआ विवाद

### एक ने पिस्टल निकाल कर दूसरे को मारी गोली

**दरभंगा.** दरभंगा में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना बहादुपुर थाना क्षेत्र के छिपलिया चौक के पास की है। बुधवार देर रात मौज मस्ती कर रहे तीन दोस्तों में किसी बात को लेकर हुई विवाद हुआ। यह विवाद देखते ही देखते खूनी खेल में बदल गया। अचानक एक युवक ने अपने कमर से पिस्टल निकाल कर छिपलिया निवासी रविन्द्र यादव उर्फ नक्कू यादव की गोली मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद नक्कू के दोनो दोस्त अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए।




**घटना के बाद लोगों में आक्रोश**

गोलीबारी के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इधर, घटना की सूचना पर पहुंची बहादुरपुर सहित कई थानों की पुलिस को स्थानीय लोगों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ा। बाद में लोगों को समझा-बुझाकर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेजा गया।

**दोस्तों के साथ था रविंद्र यादव**

बताया जाता है कि आम दिनों की तरह ही मृतक रविन्द्र अपने दोस्तों के साथ घर के पास ही मस्ती कर रहा था। इस दौरान विवाद हुआ और उसकी हत्या कर दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस शराब के धंधेबाज पर कोई कार्रवाई नहीं करती है। इस कारण इलाके में आये दिन मारपीट की घटना होते रहती है। इस मामले घटना स्थल पर पहुंचे सदर डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि मौके से एक अपराधी की बाइक जब्त की गई है। बाइक की जांच पड़ताल की जा रही है। शीघ्र ही मामले का उद्भेदन कर दिया जाएगा। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### पटना में दवा दुकान पर गोलीबारी

## अपराधियों ने रंगदारी मांगी थी नहीं देने पर ऐसा किया

**पटना.** पटना में सुबह-सुबह गोलीबारी हुई है। अपराधियों ने अशोक राज पथ स्थित राधा कृष्ण मंदिर के सामने भोजपुर फार्मा दुकान (मेडिकल शॉप) पर गोलीबारी की। बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह करीब स्कॉर्पियो से आए तीन की संख्या में अपराधियों ने दवा दुकानदार शिवम कुमार के साथ विवाद किया। फिर धुक्का-मुक्की करने लगे। इसके बाद दहशत फैलाने के लिए फायरिंग करने लगे। गोली दुकान से शटर में लगी। हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। गोलीबारी के बाद तीनों अपराधी फरार हो गए।



**चार दिन पहले रंगदारी मांगी थी**

बताया जा रहा है कि दवा दुकानदार शिवम कुमार को फोन पर चार दिन पूर्व में रंगदारी का कॉल आया था। रंगदारी नहीं देने पर अपराधियों ने आज सुबह ऐसा किया। अब इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। तीनों अपराधियों की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गए। घटना में शामिल एक की पहचान आयुष सिन्हा के रूप में किए जाने की बात कही जा रही है। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

**पहले धक्का-मुक्की फिर गोलीबारी**

पीरबहोर थानाध्यक्ष मो. हलीम ने बताया कि स्कॉर्पियो सवार तीन की संख्या में आए अपराधियों ने पहले दुकानदार के साथ धक्का-मुक्की की। कुछ देर बाद गोलीबारी कर फरार हो गए। मौके से दो खोखे भी बरामद किए गए हैं। इस मामले में छोटू नाम के शख्स को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ चल रही है। पीरबहोर थाना क्षेत्र स्थित अशोक राज पथ सबसे व्यस्ततम इलाका है। बिहार के सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल पीएमसीएच भी यहीं है। यहां मरीजों के परिजन दवा दुकानों से दवाएं खरीदते है। सुबह-सुबह इस तरह की घटना से लोगों में दहशत का माहौल है। लोग अपराधियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।